दिनांक 04.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत 2147 पंजीकृत हितग्राहियों को निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरण किया गया।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत संचार क्रांति योजना के पंजीकृत हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्टफोन वितरण का आज: राजस्व मंत्री श्री प्रेम प्रकाश पांडे, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, विधायक वैशाली नगर विद्यारतन भसीन , कलेक्टर दुर्ग श्री उमेश कुमार अग्रवाल निगम भिलाई आयुक्त श्री के एल चौहान ने मोबाइल वितरण शिविर स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया। एवं उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा की गई.

शासन के संचार क्रांति योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के पंजीकृत हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्टफोन वितरण किए जाने हेतु सभी जोन कार्यालय के अंतर्गत 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 में मोबाइल वितरण हेतु 8 केंद्र बनाए गए हैं साथ ही निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में ई पावती प्रदाय किए जाने हेतु शिविर का आयोजन चल रहा है आज निगम जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर 409 नग जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर 312 जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर 330 जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर कार्यालय 355 जोन क्रमांक 5 - 217 एवं जोन क्रमांक 6 - 533 कुल 2147 निशुल्क मोबाइल फोन का वितरण पात्र हितग्राहियों को वितरित किया गया पृथक पृथक जोन में माननीय मंत्री गण जिलाधीश महोदय आयुक्त निगम द्वारा शिविर स्थल पहुंचकर फोन वितरण किए जा रहे कार्यवाही से अवगत हुए एवं आवश्यक दिशा निर्देश शिविर में लगे अधिकारी कर्मचारियों को दिए साथ ही मोबाइल प्राप्त हितग्राहियों से चर्चा की गई जिन महिला हितग्राहियों को मोबाइल प्राप्त हुआ उनसे मोबाइल की उपयोगिता के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई निगम क्षेत्र के अंतर्गत 4 अगस्त से 25 अगस्त तक निर्धारित शिविर स्थल पर पावती प्राप्त हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया जावेगा ऐसे हितग्राही जो ई पावती प्राप्त नहीं किए हैं वह अपने अपने वार्ड मे लग रहे शिविर में ई पावती प्राप्त कर सकते हैं।

निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत मोबाइल वितरण हेतु बनाए गए 8 वितरण केंद्र के नाम इस प्रकार हैं। 1 नेहरू नगर सियान सदन वार्ड क्रमांक- 03, 2 वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन, 3 वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा पीडीएस भवन, 4 सेक्टर 5 दुर्गा मंच,5 सामुदायिक भवन अंडा चौक वार्ड 34 6 -सामुदायिक भवन पुरैना, 7- सामुदायिक मंगल भवन डुडेरा 8- जोन 6 कार्यालय में वितरण केंद्र बनाया गया है।

जन सम्पर्क अधिकारी